संख्या–वे0आ0–2– 1971 /दस–54(एम) 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक: 22 नवम्बर, 2011

विषयः वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–5) में प्राविधिक शिक्षा विभाग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के सम्बन्ध में दसवें प्रतिवेदन (भाग–5) में दी गयी संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिया गया है :–

(1) राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालयों के बन्द होने के फलस्वरूप उक्त विद्यालयों में कार्यरत ऐसे कला अनुदेशकों जिन्हें राजकीय पॉलीटेक्निक में वेतनमान रू0 1400–2300 (पुनरीक्षित वेतनमान रू0 4500–7000) में ही समायोजित किया गया है को राजकीय पॉलीटेक्निक में पूर्व से उपलब्ध कला अनुदेशक के पद के समान वेतनमान रू0 5000–8000 के सादृश्य वेतन बैण्ड–2 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाय।

(2) राजकीय पॉलीटेक्निक के कम्प्यूटर प्रोग्रामर/कम्प्यूटर आपरेटर का पदनाम अनुदेशक कम्प्यूटर करते हुए उक्त पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतनमान रू0 4500–7000 के सादृश्य वेतन बैण्ड–1 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800/– के स्थान पर वेतन बैण्ड–2 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाए।

(3) प्रधानाचार्य राजकीय चर्म संस्थान के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 6600/– के स्थान पर उच्चीकृत वेतनमान रू0 12000–16500 के सादृश्य वेतन बैण्ड–3, ग्रेड वेतन रू0 7600/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाय। भविष्य में प्रधानाचार्य राजकीय चर्म संस्थान के पदों को अध्यक्ष लेदर टेक्नॉलोजी तथा अध्यक्ष फुटवियर टेक्नॉलोजी से पदोन्नति के माध्यम से भरा जाए।

(4) नार्दन रीजनल प्रिंटिंग टेक्नालॉजी संस्थान, इलाहाबाद में अध्यक्ष के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/– के स्थान पर उच्चीकृत ग्रेड वेतन रू0 6600/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाय। प्रधानाचार्य नार्दन रीजनल प्रिंटिंग टेक्नालॉजी संस्थान, इलाहाबाद का पद जो वर्तमान में वेतन बैण्ड–3 एव ग्रेड वेतन रू0 6600/– में है, को उच्चीकृत कर वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 7600/–तत्काल प्रभाव से किया जाय।

(5) प्राविधिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश इलाहाबाद में सचिव के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 10000–15200 के सादृश्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 6600/– के स्थान पर वेतनमान रू0 12000–16500 के सादृश्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 7600/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाए।

(6) प्राविधिक शिक्षा परिषद् में संयुक्त सचिव के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 8550–14600 के सादृश्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/– के स्थान पर वेतनमान रू0 10000–15200 के सादृश्य वेतन बैण्ड–3 एवं ग्रेड वेतन रू0 6600/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाए।

(7) सामान्य श्रेणी के पदों यथा चतुर्थ श्रेणी, वाहन चालक, कनिष्ठ वर्ग के प्राविधिक पद, लिपिक श्रेणी, लेखा संवर्ग आदि के सम्बन्ध में सामान्य कोटि के पदों/संवर्गों के सम्बन्ध में संस्तुतियॉ अलग से दी जा चुकी हैं। प्राविधिक शिक्षा विभाग के सामान्य श्रेणी के पदों के सम्बन्ध में भी तदनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(8) प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्य किसी पद/संवर्ग की वेतनमान विसंगति का मामला समिति के संज्ञान में नहीं है।

कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव

संख्या–वे0आ0–2–(97) (1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1।
2– कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

3— निदेशक, एन0आई0सी0, छठां तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेबसाइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।